## खबर संक्षेप



### क्षेत्र में विकास कार्य कराये जाने की मांग को लेकर सीएम से मिले विधायक

**सिलौंडी।** बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर बड़वारा क्षेत्र के विकास कार्यों और समस्याओं से अवगत कराया ।साथ ही धान खरीदी में सिकमी नामा में तकनीक समस्या से अवगत कराया । मुख्यमंत्री ने अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित कर समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है। विधायक ने लालपुर सागवा पुल का जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया कराने की भी बात किया ।विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने बड़वारा विधानसभा के विभिन्न सड़क निर्माण करने संबधी आवश्यक करवाई चर्चा भी किया है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय के और ग्राम के जागरूक नागरिक संघ के पत्र सिलौंडी तहसील और थाना पर भी मुख्य मंत्री से चर्चा किया है। सिलौंडी को नगर परिषद बनाने हेतु चर्चा की।

### सुशासन दिवस की शपथ का आयोजन आज

**कटनी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। राज्य शासन द्वारा उक्त अवसर पर समस्त शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ लेने हेतु निर्देश प्रदान किए गए है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सुशासन दिवस पर नगर निगम कार्यालय में बुधवार 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से सुशासन दिवस का आयोजन कर अधिकारी-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ लेने हेतु निर्देशित किया गया है।

### विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**सिलौंडी।** सिलौंडी के श्रीराम बाग स्टेडियम में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 25 दिसंबर को हो रहा है जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उद्घाटन मैच में शामिल होगे । प्रतियोगिता में आसपास की अनेक टीम भाग लेंगी। विजेता टीम को 30000 हजार और शील्ड , उप विजेता को 15000 रुपया और शील्ड के साथ मैन ऑफ दा सीरीज , मैन ऑफ दा मैच के साथ अनेक पुरुस्कार से विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,भाजपा जिला मंत्री प्रशांत राय , सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय आयोजन समिति से संतोष काछी सौरभ सेन और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से खिलाड़ियों का सम्मान और पुरस्कार में का वितरण प्रतियोगिता के समापन समारोह में करेंगे। विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है ।

### पान मसाला बनाने वाली कंपनी में स्टेट जीएसटी टीम ने की कार्रवाई

**कटनी।** पान मसाला निर्माण करने वाली कंपनी के खिलाफ स्टेट जीएसटी की टीम ने छापेमार कार्रवाई की। लंबे समय से कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर कर अपवंचन (टैक्स चोरी) की शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।डिप्टी कमिश्नर स्टेट जीएसटी प्रकाश सिंह के नेतृत्व में लगभग 30 अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने एक साथ कंपनी की तीन फैक्ट्रियों और एक गोदाम पर दबिश दी। ये फैक्ट्रियां लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया, चाका बायपास और पन्ना मोड़ क्षेत्र में संचालित हो रही थीं जबकि मुख्य गोदाम बस स्टैंड के पीछे स्थित पाया गया। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने उत्पादन, बिक्री, कच्चे माल की खरीद, तैयार माल की सप्लाई, टैक्स भुगतान और लेखा-जोखा से जुड़े अहम दस्तावेज जब्त किए।

---

### राष्ट्रीय राजमार्ग में बड़वारा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, ट्रक ड्राइवर हो गया फरार

# बाल बाल बचे 19 मासूम, ट्रक ने स्कूली बस को मारी टक्कर, एक बच्चा गंभीर

राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (NH-43) में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवारा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने निजी विद्यालय की बस को पीछे से टक्कर मार दी। बस में सवार 19 बच्चे सुरक्षित हैं, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 9 बजे स्कूल बस विलायत कला गांव से बच्चों को लेकर कटनी की ओर जा रही थी। धनवारा गांव के समीप पहुंचते ही ट्रक (क्रमांक CG 10 BS 8292) ने बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसा कारित करने के बाद ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

दुर्घटना स्थल पर लंबे समय से सड़क रखरखाव का कार्य चल रहा है और पूर्व में भी यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

#### ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने NHAI के ठेकेदारों पर सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और अधूरे निर्माण कार्य के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

#### रोक दी वाहनों की आवाजाही

आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर वाहनों की आवाजाही रोक दी और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया।

---



## झाड़ियों से निकलकर भालू ने तीन ग्रामीणों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम करौंदी कला में भालू ने तीन ग्रामीणों पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में तीनों ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार करौंदी कला निवासी सरमन यादव, भोली यादव और सुरेश पटेल रोज की तरह सुबह गांव के पास स्थित तालाब की ओर गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में पहले से मौजूद भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बचाव का प्रयास किया, लेकिन भालू ने उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो भालू जंगल की ओर भाग गया।घटना की सूचना मिलते ही बरही वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल बरही अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बरही रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और बताया कि वन विभाग की प्राथमिकता घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है।

घटना के बाद करौंदी कला सहित आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण खेतों और जंगल की ओर जाने से डर रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अकेले जंगल या सुनसान इलाकों में न जाएं और समूह में ही बाहर निकलें। साथ ही क्षेत्र में भालू की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

---

## इको-फ्रेंडली कार्यशाला में छात्राओं को "वेस्ट से बेस्ट" निर्माण के लिए किया गया प्रेरित

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में इको क्लब, वनस्पति शास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक इको-फ्रेंडली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पूजन सामग्री को नदियों एवं जलाशयों में प्रवाहित करने से रोकना तथा उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करना था। इस कार्यशाला में छात्राओं ने भगवान एवं मंदिरों में चढ़ाए जाने वाले फूलों का उपयोग करके विभिन्न सामग्रियों जैसे कपूर, दालचीनी, घी, गुड़, काली मिर्च, तेज पत्ता आदि मिलाकर धूपबत्ती का निर्माण किया।

प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए छात्राओं को "वेस्ट से बेस्ट" निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बताया कि मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों का उपयोग करके हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं तथा लघु उद्योग की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने धूपबत्ती निर्माण की प्रक्रिया का विस्तार से प्रदर्शन किया, जिससे जलाशयों एवं नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। वहीं प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रेरित किया कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास उनके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को कई उपयोगी टिप्स भी प्रदान किए, जिन्हें वे आगे चलकर रोजगार के रूप में विकसित कर सकती हैं। कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज आदि उपस्थित रहीं।

### रंजन हास्पिटल में निःशुल्क नेत्र शिविर कल

**कटनी।** रंजन हास्पिटल नई बस्ती में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन कल 25 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। शिविर में मोतियाबिन्द, कांचियाबिंद, अख्सूर, रेटीना एवं अन्य नेत्र रोगों की जांच निःशुल्क की जाएंगी। मरीज की जांच कर सलाह तथा मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। जांच पश्चात मोतियाबिन्द के मरीजो को शिविर स्थल से देवजी नेत्रालय जोतपुर, तिलवारा घाट, जबलपुर ले जाया जायेगा। मोतियाबिन्द ऑपरेशन, लेन्स, औषधि, भोजन, काला चश्मा एवं परिवहन दादा वीरेन्द्रपुरी जी नेत्र संस्थान द्वारा किया जायेगा। शिविर का लाभ उठाने हेतु आधार कार्ड / वोटर आईडी. की छायाप्रति (फोटो कॉपी) अवश्य साथ लेकर आएं।

---

*पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों को लोगों ने बताई समस्यायें*

## समस्याओं एवं शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने कप्तान ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम कटनी के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। यह जनसुनवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में संपन्न हुई।जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं।

#### 17 आवेदन मिले

पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरतापूर्वक सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनसुनवाई में कुल 17 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से आपसी एवं पारिवारिक विवाद, पैसों के लेन-देन से जुड़े मामले, सुनवाई न होने की शिकायतें, प्लॉट एवं भूमि संबंधी विवाद व धोखाधड़ी, महिला अपराध से संबंधित प्रकरण तथा अन्य पुलिस से जुड़ी समस्याएं शामिल रहीं।



#### कार्यवाही के दिये निर्देश

पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। कुछ शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित पाए जाने पर आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क कर नियमानुसार कार्रवाई कराने की समझाइश भी दी गई।जिला पुलिस कटनी आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनसुनवाई के माध्यम से पारदर्शी, संवेदनशील एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

---

*जन सुनवाई में 130 आवेदकों ने बताई अपनी समस्यायें*

## एक माह से खराब पड़ा है ट्रांसफार्मर फसलों की नहीं कर पा रहे हैं सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में यहां पहुंचे 130 आवेदकों की समस्यायें व शिकायते सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंहमारे उइके और ज्योति लिल्हारे एवं एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी मौजूद रहें।

ग्राम कौड़िया निवासी ममता शुक्ला ने बताया कि मेरे पिता ओमप्रकाश शुक्ला की मृत्यु हार्ट अटैक से हो गई थी। संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह राशि हेतु मैंने सभी दस्तावेज जमा कर दिये हैं। परंतु, मेरी माताजी को अभी तक अनुग्रह राशि प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर ने जिला श्रम अधिकारी को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए।



कुशल सिंह चौहान ने बताया कि मैं सेवानिवृत शिक्षक हूँ। मेरे वेतन से 34 माह की राशि एनपीएस खाते हेतु काटी गई परंतु अभी तक यह राशि मेरे एनपीएस खाते में जमा नहीं हुई है। इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी के पास करने के बावजूद अभी तक कोई निराकरण नहीं हो सका है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

बिलहरी के किसानों ने खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत करते हुये बताया कि बिलहरी आवास कालोनी का ट्रांसफार्मर एक माह पूर्व खराब हो गया है। बिजली न मिलने के कारण फसलो में पानी नहीं लग पा रहा है, जिससे फसल सूख रही है। इसलिये जल्द से जल्द ट्रान्सफार्मर बदलवाया जाये जिससे हमें इस गम्भीर परेशानी से निजात मिल सके। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर बदलवाने के निर्देश दिये।

---

## स्थानीय परीक्षा केंद्र की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में मंगलवार को छात्र सुविधाओं को लेकर एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। छात्र नेता अवध यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में एकत्रित होकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।70 किमी दूर जाकर परीक्षा देने की मजबूरीप्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग सप्लीमेंट्री (ATKT) परीक्षाओं के लिए स्थानीय स्तर पर ही परीक्षा केंद्र बनाने की है। छात्र नेता ने कॉलेज प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि ढीमरखेड़ा एक ग्रामीण क्षेत्र है, जहाँ अधिकांश छात्र आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं।वर्तमान व्यवस्था के तहत इन छात्रों को सप्लीमेंट्री परीक्षा देने के लिए लगभग 70 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय स्थित तिलक महाविद्यालय जाना पड़ता है।



प्रदर्शन के समापन पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि छात्रों के हितों को देखते हुए ढीमरखेड़ा महाविद्यालय को ही आगामी सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाया जाए।छात्रों ने शासन और प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते गंभीरता से विचार नहीं किया गया और परीक्षा केंद्र की व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ, तो एनएसयूआई चरणबद्ध तरीके से बड़ा आंदोलन करेगी। छात्रों का कहना है कि इसके बाद उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

---

### महापौर ने निगम पार्षदों के साथ शहर भ्रमण कर किया संवाद

## मुख्यमार्ग में यातायात, पार्किंग सहित व्यापारिक गतिविधियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सेंट्रल पार्किंग हटाने हेतु की गई पहल के सहभागी बनें स्टेशन चौराहा से सुभाष चौक तक मुख्य मार्ग के व्यवसायी भाईयों से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निगम पार्षदों की टीम के साथ संवाद कर उनके द्वारा नगर हित की इस महत्वपूर्ण पहल में प्रदाय किए गए सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में व्यापारियों की सहभागिता अत्यंत सराहनीय है। और यही सहयोग नगर विकास की दिशा को मजबूत करता है। किसी भी शहर के समुचित विकास हेतु स्थानीय नागरिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने नगर विकास के अन्य कार्यों में, आगे भी इसी प्रकार आप से सहयोग प्रदान करने की बात स्थानीय व्यवसायियों से कही।



इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद,सुरेंद्र गुप्ता, बीना संजू बैनर्जी,गोविंद चावला, पार्षद मौसुफ़ बिट्टू वंदना राजकिशोर यादव, शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी,सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी,जीवन चौधरी, डब्बू रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारी, गणमान्य नागरिक, व्यापारी संगठन के सदस्यों की विशेष मौजूदगी रही।

व्यवसायियों से संपर्क के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मुख्य मार्ग की यातायात की स्थिति, पैदल यात्रियों की सुविधा, नो पार्किंग जोन, चिन्हित पार्किंग स्थल एवं व्यापारिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि मुख्य मार्ग के व्यवसायियों द्वारा प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए यातायात सुधार के प्रयासों को सफल बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाई जा रही है। कुछ वाहन संचालकों द्वारा वाहन अव्यवस्थित रूप से खडे पाए जानें पर महापौर श्रीमती सूरी ने उनसे संवाद करते हुए निर्धारित स्थलों पर वाहन खड़ा करने की बात करते हुए नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था में सहयोग बनने का आग्रह किया गया।

महापौर ने कहा गया कि सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था समाप्त होने से यातायात अवरोध कम हुआ है जिससे न केवल आम नागरिकों को आवागमन में राहत मिल रही है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी अधिक सुचारू रूप से संचालित हो पा रही हैं। नगर निगम प्रशासन भविष्य में भी इसी तरह समन्वय एवं संवाद के माध्यम से यातायात सुधार, अतिक्रमण नियंत्रण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु कार्य करता रहेगा।

महापौर श्रीमती सूरी ने मुख्य मार्गों की स्वच्छता एवं सुंदरता हेतु सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाने तथा विद्युत पोल के अव्यवस्थित बैनर पोस्टर को पृथक करने ,गड्ढों की मरम्मत कराए जाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नगर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में नागरिक एवं व्यापारी वर्ग इसी प्रकार सहयोग करते रहें।

---



## 5 दिन से लापता युवक की कुंए में लाश मिलने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखेरा के पास स्थित कैलड्रिज फैक्ट्री परिसर में बने एक कुएं में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।मृतक की पहचान राहुल वंशकार के रूप में हुई है, जो बीते 5 दिनों से लापता था। परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी की सूचना पहले ही पुलिस को दी गई थी।

घटना की जानकारी मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल युवक की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**कटनी।** कुठला पुलिस ने दो कुख्यात अपराधियों को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर एवं इन्द्रानगर बायपास यात्री प्रतीक्षालय से आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में रवि यादव (33 वर्ष) निवासी कैलवारा फाटक एवं दीपू उर्फ दीपक कुशवाहा (30 वर्ष) निवासी नदी पार कैलवारा फाटक, थाना कोतवाली कटनी शामिल हैं। दोनों के कब्जे से दो धारदार चाकू जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। रवि यादव के विरुद्ध 21 एवं दीपू उर्फ दीपक कुशवाहा के विरुद्ध 25 आपराधिक प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। कार्रवाई में कुठला थाना पुलिस की टीम की भूमिका सराहनीय रही।

### सीएम के प्रस्तावित आगमन पर तैयारियों के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 दिसंबर के प्रस्तावित कटनी आगमन के संबंध में सभी अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने हेलीपैड, पार्किंग, कार्यक्रम स्थल आदि की सुदृढ़ व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान आवश्यकतानुसार पटवारी एवं आरआई की ड्यूटी लगाये जाने के भी निर्देश दिए।

### मार्गो में सामग्री न रखने की कराई गई मुनादी

**कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण से मुक्त कराने की जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त मुहिम के तहत सोमवार को झंडा बाजार में अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा झंडा बाजार की विभिन्न गलियों में सार्वजनिक सड़कों में सामग्री रखकर व्यवसाय करने वालों की सामग्री जब्त की जाकर मार्गो के आवागमन को सुगम किया गया। नगर निगम अतिक्रमण शाखा के प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ शहर के कई प्रमुख मार्गों पर मुनादी भी करवाई गई। इसका उद्देश्य भविष्य की कार्रवाई से आगाह करना भी था। जिन क्षेत्रों में मुनादी की गई, इनमें दिलबहार चौराहा, स्टेशन रोड मुख्य मार्ग, सुभाष चौक, रूई बाजार, झंडा बाजार, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, चांडक चौक शामिल हैं। मुनादी में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि कोई व्यक्ति इन क्षेत्रों में दोबारा अतिक्रमण करता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक और चालानी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अतिक्रमणकर्ता की होगी।

### किसान मासांत तक करा सकेंगे फसलों का बीमा

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीयन की प्रक्रिया शुरू है। इच्छुक कृषक 31 दिसम्बर तक अपने पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल हेतु बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है। ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवायें। जबकि अऋणी कृषक, 31 दिसम्बर 2025 तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा।

---

### सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित कार्यशाला मे कलेक्टर ने किया संबोधित

# 430 योजनाओं का कार्य पूर्ण, 1 लाख 85 हजार 510 परिवारों को उपलब्ध कराया जा रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा है कि सुशासन सप्ताह पर सभी शासकीय कर्मी यह संकल्प लें कि वे पूरी संवेदनशीलता और विश्वसनीयता के साथ समय-सीमा के भीतर आमजन को नियमानुसार वांछित सेवायें मुहैया करायेंगे। कलेक्टर ने यह बात मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुशासन सप्ताह पर आयोजित विभागीय कार्यशाला को संबोधित करते हुये कही। इस अवसर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यशाला मे शासकीय विभागों द्वारा पिछले पाँच वर्षों में किये गये सुशासन, सार्वजनिक सेवा वितरण, शिकायत निवारण के प्रयोग व नवाचारों से संबंधित उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

कार्यशाला के दौरान कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घर-द्वार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करना है, ताकि आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक तक सुशासन का लाभ पहुंचे और सरकारी सेवाएं सरल, पारदर्शी व समयबद्ध रूप से उपलब्ध करवाई जाएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग न्यूनतम समय में पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं का निराकरण करें। अधिकारी हितग्राहियों एवं किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनें। साथ ही जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करें। जिससे लोगों के अंदर शासन के प्रति विश्वसनीतया में वृद्धि हो। शिविर में मौजूद लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। यह अभियान प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शासन व्यवस्था अधिक उत्तरदायी और संवेदनशील बन रही है।



इस कार्यशाला में पीएचई विभाग द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में एवं महिलओ की पेयजल तथा उनके घरेलू कामकाज को दृष्टिगत रखते हुये कटनी के 893 ग्रामो के 2 लाख 13 हजार 464 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 2020 से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी द्वारा 687 एकल ग्राम नल जल योजना एवं मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा 185 ग्रामों की समूह योजना तैयार कर त्वरित गति से क्रियान्वयन प्रांरभ किया गया है। वर्तमान में 430 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर 1 लाख 85 हजार 510 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है।

इसी प्रकार जिला खनिज प्रतिष्ठान एवं जिला ई–गवर्नेंस सोसायटी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग म.प्र. शासन एवं एमपीएसईडीसी के निर्देशन में अमृत पुष्पक परियोजना का क्रियान्वयन किया गया जिसकी सफलता एवं राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना से प्रेरित होकर जिला खनिज प्रतिष्ठान एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 में स्थानीय युवाओं को कृषि, मानचित्रण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में रोजगार के लिए उच्च-तकनीकी ड्रोन प्रौद्योगिकी कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट पंख की आधारशिला रखी गई । जिसका उद्देश्य न सिर्फ युवाओं को ड्रोन तकनीक का आधारभूत प्रशिक्षण देना बल्कि यह भी रहा है कि इंडस्ट्री की आवश्यकता अनुसार उन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रेरित करने का माध्यम बन सके।

लोकसेवा प्रबंधन विभाग के प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत वर्तमान में 48 विभागों की 733 महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। हर सेवा की डिलीवरी के लिए एक समय अवधि तय किया गया है। जो अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहता है और इन सेवाओं को समय पर प्रदान नहीं करता हैं तों जुर्माने का प्रावधान है।

---



# स्लीमनाबाद क्षेत्र में बंजारा परिवार ने डाला अपना डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

अपना और परिवार का पेट पालने के लिए मजबूर परिवार के मुखिया अपने परिवार के साथ कड़ी मेहनत कर दो वक्त की भूख मिटा रहे हैं। अनेक उदाहरण है कि लोग पेट भरने को हर वो कार्य कर गुजरने को तैयार होते हैं जो असंभव सा लगता है। आज की महंगाई और बेरोजग़ारी के दौर में किसी का परिवार गुजारा कर पाता है कि नहीं। कड़ी मेहनत कर लोहे को गला करके उसे औजार बनाकर यह मेहनती लोग अपने परिवार को साथ लेकर रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे और अपना परिवार चला रहे हैं।

घर को छोड़ कर इन दिनों स्लीमनाबाद में आकर इतनी कड़ी ठंडी में अपने परिवार को दो वक्त की रोटी खिला रहे ये लोग घुमक्कड़ और बंजारा कहलाते हैं। जहां अनेक बेरोजगार युवाओं का लगातार पलायन जारी है वहीं इस तरह के मेहनतकशों को यहां जीवन चलाने के अवसर मिल रहे हैं। लोहा पीटकर औजार बनाने वालों से ने बताया कि हम लोग दिन भर में दस से बारह औजार बनाते हैं और बेंचते हैं। कभी-कभी तो सही दाम भी नहीं मिल पाता फिर भी मजबूरी बस हमें सस्ता ही देना पड़ता है। आने जाने का किराया ना होने के कारण हम सस्ते दाम में भी दे देते हैं जो कुछ बचता है तो उससे परिवार को दो वक्त की रोटी खिलाते हैं। लगातार मेहनत करते हैं। लोगों को लगातार घन चलाना पड़ता है। एक औजार बनाने के लिए तीन लोग लगते हैं लगभग 1 घंटे में हम एक औजार बना लेते हैं जिसे लगभग सौ रूपय में बेचते हैं, जो कुछ भी कीमत मिलती है उससे हमारा परिवार चलता है और उसी से हम फिर लोहा खरीदी करते हैं जिसे गला करके फिर औजार तैयार करते हैं।

---

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई गई महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए गए।गणित विभाग के आशुतोष सोनी व डॉ भारती यादव के विशेष सहयोग से रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई!अतिथि विद्वान डॉ भारती यादव ने कहा कि जिस तरह मोर की शिखा और नागों में मणि का स्थान सबसे ऊपर है। वैसे ही सभी वेदांग और शास्त्रों में गणित का स्थान सबसे ऊपर है। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में कई अहम योगदान दिए थे। जिसमें मुख्य रूप से गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत, निरंतर भिन्न और खेल सिद्धांत जैस कई क्षेत्रों में काम किया। उन्होंने अपने जीवनकाल मे 3,884 गणितीय प्रमेयों की खोज की थी। श्रीनिवास रामानुजन ने गणित के सहज ज्ञान व बीजगणित प्रकलन के अद्वितीय प्रतिभा के बल पर कई मौलिक और अपारंपरिक परिणाम निकाले थे।



श्रीनिवास रामानुजन का सबसे बड़ा योगदान रामानुजन संख्या 1729 को माना जाता है। रामानुजन के सूत्रों का इस्तेमाल क्रिस्टल विज्ञान में भी माना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि गणित सभी संकायों में श्रेष्ठ विषय है। उन्होंने उन सभी महान गणितज्ञ को आज के दिन श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिन्होंने गणित को विषय के रूप में अपने महान योगदान दिए हैं। रंगोली प्रतियोगिता से राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रकाश डाला गया।

वहीं गणित विभाग के आशुतोष सोनी ने कहा कि रामानुजन को संख्याओं का जादूगर भी कहा जाता है। आज का दिन रामानुजन की प्रतिभा को याद करने का हैं, बल्कि गणित के डर को दूर कर इसकी सुंदरता और महत्व को समझने का भी हैं। इसी कड़ी में आगे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो पंकज गहरवार ने कहा कि गणित दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में मानवता के विकास के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाना हैं।

---

### समूह की महिलाओं को कृषि उद्यमी का दिया प्रशिक्षण



मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली जिले के विभिन्न जनपद पंचायतो की 35 स्व–सहायता समूह की महिलाओं को कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक एवं अनुपम पांडे के सहयोग से दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी के अंतर्गत जलवायु, भूमि के प्रकार, पोषक तत्व, मिट्टी परीक्षण, जैविक खाद एवं कीटनाशक, जैविक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण, खाद्यान्न, दलहन, तिलहन एवं सब्जी फसलों सिंचाई के अंतर्गत स्प्रिंकलर, टपक सिंचाई, शुष्क भूमि, कृषि, तकनीकी, लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली, औषधीय एवं सुगंधित तथा फूल वाले पौधे, पशुपालन पादप प्रसार तकनीक के अंतर्गत ग्राफ्टिंग, बडिंग, लेयरिंग, नर्सरी प्रबंधन एवं कृषि से संबंधित जानकारी दी गई।

---

# दो दुकानों में ननि ने की तालाबंदी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष दिवसों को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा निगम की राजस्व वसूली की प्रगति की सतत समीक्षा की जाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली ने निर्देश निगम के राजस्व अमले को दिए गए है। इसी तारतम्य में नगर निगम की राजस्व विभाग की टीम द्वारा निगम स्वामित्व की दुकानों की किराया राशि बकाया रहने पर मंगलवार प्रातः सख्त रुख अपनाते हुए बस स्टैंड के दो दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही निगम के राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत की गई, जिसका उद्देश्य बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना तथा निगम आय को सुदृढ़ बनाना है।

राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि कार्यवाही के दौरान बस स्टैंड की दुकान क्रमांक 21 संचालन श्री शेख मुहम्मद पर नवंबर 2024 से 33 हजार 358 रुपए का किराया शेष था पूर्व में दो बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा किराया राशि निगम कोष में जमा नहीं की गई। इसी प्रकार दुकान क्रमांक 26 के संचालक श्री संतोष कुमार गुप्ता पर जुलाई 2022 से 23 हजार 833 रूपये की किराया राशि बकाया होने पर ताला लगाने की कार्यवाही की गई।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित दुकानदारों को पूर्व में भी दो बार जुलाई एवं सितंबर 2025 में नोटिस जारी कर बकाया किराया जमा करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए थे, किंतु निर्धारित समयावधि में भुगतान न होने के कारण निगम प्रशासन को यह कठोर कदम उठाना पड़ा। निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक, बाजार शाखा प्रभारी विनोद सिंह चौहान, शरद सेन, प्रवीण दुबे की उपस्थिति में नियमानुसार तालाबंदी की गई।

राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने स्पष्ट किया कि निगम संपत्तियों से संबंधित किराया एवं अन्य देयकों की समय पर अदायगी अनिवार्य है। अन्य बकायेदारों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहा गया है कि बकाया राशि जमा करने पर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा, अन्यथा इसी प्रकार से तालाबंदी की कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम ने निगम स्वामित्व के समस्त दुकानदारों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपनी बकाया किराया एवं करों का भुगतान कर निगम प्रशासन का सहयोग करें, जिससे विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं के संचालन में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

---

### अधिकारियों को दिये गये आवश्यक निर्देश साझा की जानकारी

# वाश ऑन व्हील सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पीपीटी के माध्यम से बैठक में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू/ संस्थागत/ सामुदायिक शौचालय की ऑन साइट साफ सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील (wow) सेवा जिले में प्रारंभ हो चुकी है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के उद्देश्य को साकार रूप देने कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर और एडीएम नीलांबर मिश्र की मौजूदगी में समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वॉश ऑन व्हील (WOW) सेवा का उपयोग अन्य विभागों के अधिकारी, स्वच्छता साथियों को निर्धारित शुल्क अदा कर उठाएं। स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक कमलेश सैनी ने समय सीमा की बैठक में वॉश ऑन व्हील सेवा अभियान के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एक कॉल पर चलित सफाई सेवा का लाभ आमजन उठा सकेंगे। श्री सैनी ने बताया कि समस्त तहसील और जनपद पंचायत मुख्यालयों पर पीपीटी के माध्यम से वाश ऑन व्हील सेवा से संबंधित जरूरी जानकारी साझा की गई है।



उल्लेखनीय है कि इस सेवा के उपयोग हेतु एक मोबाइल एप ₹स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील (SS-WOW)₹ तैयार किया गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक श्री सैनी ने बताया कि स्वच्छता साथी की सलंग्नता, स्वच्छ एमपी पोर्टल पर पंजीयन, ग्राम क्लस्टर का निर्माण,स्वच्छता साथी और शौचालय का प्रशिक्षण,पीपी किट की उपलब्धता, साफ सफाई हेतु निर्धारित दर,प्रचार प्रसार की गतिविधियां,सुरक्षा, सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई अनवरत रूप से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता साथी द्वारा शौचालयों की साफ सफाई आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों के माध्यम से की जाएगी। वाश ऑन व्हील शौचालय की सफाई हेतु मांगकर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को एक निर्धारित निश्चित राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से संस्थागत शौचालय की नियमित साफ सफाई स्वच्छता साथियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से करवाएंगे एवं निर्धारित दर पर उनका भुगतान किया जावेगा।

---

### राष्ट्रीय किसान दिवस पर कौड़िया में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# किसानों को तकनीकों की जानकारी देकर सशक्त बनाना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि विज्ञान केंद्र कटनी द्वारा किसान दिवस 23 दिसंबर को किसानों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम ग्राम कौड़ियां (बहोरीबंद) में आयोजित किया गया , जिसमें नई कृषि तकनीकों का प्रदर्शन, फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता, किसानों का सम्मान और PM-किसान जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाती है, जिससे कृषि उद्यमिता और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा मिले. कृषि विज्ञान केन्द्र, कटनी द्वारा 'किसान दिवस' तथा "रबी कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा' का आयोजन डॉ संजय वैशंपायन, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख की अध्यक्षता में एवं मार्ग निर्देशन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वैज्ञानिक एवं जी एस समूह के कॉर्डिनेटर राजीव कांत पटेरिया उपस्थित थे तथा इस कार्यक्रम में जिले के 211 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ संजय वैशंपायन, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, कटनी ने बताया KVK का उद्देश्यः किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी और तकनीकों से जोड़ना, कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना, किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें सशक्त बनाना, वैज्ञानिक डॉ ए के तोमर वैज्ञानिक (खाद्य विज्ञान) कृषि उद्यमिता हेतु युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय नौकरी देने वाला बनने और कृषि-आधारित स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पशुपालन का सम्नवित कृषि पद्धति के साथ जोड़ते हुए कृषि को लाभ का धंधा बनाने की तकनीकों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ शशि गौर ,वैज्ञानिक (खाद्य विज्ञान) महिला किसान सशक्तिकरण हेतु महिला किसानों को मार्ग दर्शन दिया और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार पर जोर दिया वैज्ञानिक डॉ अर्पिता श्रीवास्तव वैज्ञानिक (पौध प्रजनन एवं आनुवांशिकी) ने वर्तमान रबी फसलों में उर्वरक, सिंचाई एवं नींदा नियंत्रण विषय पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी साथ ही वर्तमान फसलों में उभरते हुए कीट एवं बीमारी के नियंत्रण के बारे में विस्तार से किसानों को बताया।डॉ के पी द्विवेदी वैज्ञानिक (कृषि वानिकी) ने विभिन्न फसलों के बारे में जानकारी देते हुए जैविक खेती के लाभों को दर्शाया तथा कम लागत में उन्नत खेती करने की तकनीकों पर प्रकाश डाला। फसल लगाने से पूर्व मिट्टी परीक्षण कराने तथा जांच अनुसार ही उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी।

किसान दिवस का मूल उद्देश्य किसानों के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और कृषि से जुड़े मुद्दों पर समाज, सरकार और नीति-निर्माताओं का ध्यान केंद्रित करना है। यह दिन किसानों की समस्याओं, चुनौतियों और अधिकारों पर विमर्श का मंच बनता है। जलवायु परिवर्तन, उत्पादन लागत में वृद्धि, बाजार की अनिश्चितता और तकनीकी बदलाव जैसे विषयों पर चर्चा इसी दिन विशेष रूप से की जाती है

---



# उपार्जन केन्द्र में बेहतर व्यवस्थायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

धान उपार्जन केन्द्र हीरा देवी वेयर हाउस मानपुर हार पठरा में प्रशासन के आदेशानुसार किसानों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वेयर हाउस में खरीदी प्रभारी विनय गौतम के द्वारा प्रशासनिक आदेश के अनुसार किसानों की धान की उपज को मानकों के अनुरूप खरीदा जा रहा है। खरीदी प्रभारी की कार्यप्रणाली से किसानों को कोई असुविधा नहीं हो रही। खरीदी केंद्र अपनी धान की उपज विक्रय करने आये अन्नदाता सुरेंद्र कुमार ग्राम लखाखेरा, लवकुश शर्मा ग्राम बड़वारा, पतिराम पटेल ग्राम झिंझरी, विनोद कुमार पटेल ग्राम झिंझरी, आशीष रॉय ग्राम बछौली, कमलेश कुमार ग्राम लखाखेरा ने बताया कि हीरा देवी वेयर हाउस में 40 किलो 700 ग्राम की भर्ती की जाती है,केंद्र में बारदाना भी सहजता से उपलब्ध हो गया है, व्यवस्थाएँ भी दुरुस्त हैं।

खरीदी प्रभारी विनय गौतम ने बताया कि 23 दिसंबर तक लगभग 452 कृषकों से 37 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। केंद्र में अपनी धान को विक्रय करने आने वाले कृषकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है जिससे खरीदी कार्य मे किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो है।

खबर संक्षेप

## जनसुनवाई में 230 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 230 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 13 आधार अपडेशन, 16 आंगनवाड़ी, 02 पीएम सम्मान निधि एवं 140 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर छोटे सिंह गोस्वामी, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले की ग्राम फुटैराकंला, नरसिंहगढ़ सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 43 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सभी का शत-प्रतिशत निराकरण हो गया।

### झंडा दिवस की राशि की जांच सहित अन्य मदो की होगी जांच- डीईओ

# छात्राओं की शिकायत पर पांच सदस्यीय टीम ने एमएलबी स्कूल एवं छात्रावास पहुंचकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के एमएलबी विद्यालय के अधीनस्थ कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में निवासरत छात्राओं द्वारा कलेक्टर हेल्पलाइन पर समस्याओं को लेकर शिकायत की गई थी जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर पांच सदस्यों की टीम ने मंगलवार की शाम पहले एमएलबी स्कूल का निरीक्षण किया तदोपरांत हॉस्टल में जाकर तथ्यों की विस्तृत जांच की।

दरअसल पिछले माह हॉस्टल में कर्मचारियों के मध्य हुए किसी विवाद के बाद वार्डन रश्मि सोनी ने वार्डन पद से पृथक किये जाने का उल्लेख करते हुए एक शिकायत एमएलबी प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी थी जिस पर डीईओ कार्यालय से एमएलबी प्राचार्य को जारी हुए पत्र के अनुसार प्राचार्य को समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया था लेकिन प्राचार्य द्वारा निर्देश का पालन न करते हुए वार्डन रश्मि सोनी को ही पद से हटाकर दूसरी शिक्षिका को चार्ज देने का आदेश जारी किया गया था। उसके बाद से यहां रह रही छात्राओं को होने वाली असुविधा के चलते छात्राओं द्वारा कलेक्टर हेल्पलाइन पर शिकायत की गई थी। जहां देर शाम पहुंची टीम में स्वयं डीईओ एसके नेमा सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी बटियागढ़ सूरज भान चौधरी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी तेंदुखेडा शरद तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हटा बीएल विदोल्या, रमसा से मोहन राय वर्षा द्विवेदी शिक्षिका रसौटा सीएम हेल्पलाइन प्रभारी के के अठया एवं एमटी कुरैशी ने हॉस्टल पहुंचकर हॉस्टल कर्मचारियों एवं छात्राओं से अलग अलग बातचीत कर मामले की जांच की।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह परीक्षा केंद्र के रूप में एमएलबी स्कूल में आयोजित हुई औलम्पियाड परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों को शासन के निर्देशानुसार दिये जाने वाले भोजन के पैकेट प्राचार्य के निर्देश पर हॉस्टल से बनवाये गए थे जिसमें रसोईयो द्वारा बच्चियों से जबरन दवाब बनाकर काम कराया गया था। बालिकाओं द्वारा की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जब वार्डन ने रसोईयों क़ो कारण बताओ नोटिस दिया तो रसोईयों ने नोटिस लेने से इंकार कर दिया बल्कि प्राचार्य को सूचना दे दी इस पर प्राचार्य रसोईयों के समर्थन में आ गए थे । वार्डन द्वारा अपनी उपेक्षा से आहत होकर ऐसी परिस्थितियों में काम न कर पाने का आवेदन प्राचार्य सहित डीईओ को भेज दिया गया था, पिछले माह से चली आ रही खींचातानी से परेशान छात्राओं ने कलेक्टर को आवेदन भेजने के अलावा हेल्पलाइन पर भी शिकायत कर दी थी।

जाँच पश्चात डीईओ एसके नेमा ने बताया कि रुटीन निरीक्षण किया गया है छात्राओं ने कुछ समस्याएं बताई थी जिनका मौका पर निराकरण किया गया एवं प्राचार्य द्वारा किसी कारण से वार्डन को बदला जा रहा था उन्हें यथावत रहने के निर्देश दिए गए हैं अब छात्राओं को दिक्कत नहीं होगी। यह जांच गोपनीय तरीके से की गई है। कुछ समय बाद इसका नतीजा सामने आएगा। बहरहाल जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच को गोपनीय रखा है।

## भव्य संकीर्तन यात्रा एवं विशाल वाहन रैली निकाली

**दमोह।** तुलसी पूजन दिवस के निमित्त मंगलवार 23 दिसम्बर के दिन तुलसी संकीर्तन यात्रा के साथ विशाल वाहन रैली जो देशभर में संत श्री आशारामजी आश्रम व श्री योग वेदांत सेवा समितियों द्वारा सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ निकाली जा रही है। उसी श्रृंखला में दमोह में भी संत श्री आशारामजी आश्रम हटा रोड़ दमोह से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य चौराहों से होते हुए भव्य संकीर्तन यात्रा एवं विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया सभगवा ध्वज, तुलसी माता की झांकी थीं के साथ



सभी सनातन धर्मप्रेमियों से तुलसी लगाने व 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाने का आह्वान किया गया, ताकि लोग भारतीय संस्कृति से जुड़ें और स्वस्थ रहें। हर साल 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है, यह दिन संत श्री आशारामजी बापू द्वारा 2014 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और लोगों में आरोग्य व सकारात्मकता लाना है। वाहन रैली में तुलसी माता की झांकी के साथ तुलसी के पौधों के वितरण, तुलसी रहस्य साहित्य व तुलसी पूजन दिवस के पंपलेट भी बांटे गए। संदेशः संस्कृति रक्षा, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के महत्व का संदेश दिया गया। घरों में तुलसी लगाने व हर वर्ष 25 दिसम्बर तुलसी पूजन दिवस मनाने की अपील की गई। तुलसी पूजन से धन-धान्य की वृद्धि, नकारात्मक ऊर्जा का नाश और मानसिक शांति मिलती है, ऐसा माना जाता है। ये आयोजन देश भर में उत्साह के साथ मनाए जाते हैं, जो भारतीय परंपरा और प्रकृति के प्रति सम्मान को दर्शाते हैं। 25 दिसंबर को संत श्री आशारामजी आश्रम हटा रोड़ दमोह में भी सामुहिक तुलसी पूजन का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से बड़ी ही भव्यता व उत्साह के साथ मनाया जाएगा जिसमें सभी सनातन संस्कृति प्रेमी सादर आमंत्रित है भगवान श्री रामजी और अन्य अवतारों ने भी की थी तुलसी पूजा तो सभी अपने घर, मंदिर, स्कूल, कॉलोनी आदि में संस्कृति रक्षा का यह पवित्र दैवी पर्व अवश्य मनाएं।

## वेतन न मिलने से परेशान आउटसोर्स कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा के आउटसोर्स कर्मचारी आए दिन अपने वेतन को लेकर परेशान रहते हैं उन्हें कभी भी समय पर वेतन नहीं दिया जाता अभी भी किसी के तीन माह का तो किसी के चार माह का किसी के 6 माह का वेतन नहीं दिया गया जिससे आउटसोर्स कर्मचारी को अपना जीवन यापन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आउटसोर्स कर्मचारीयो में डाटा एंट्री ऑपरेटर सफाई कर्मी, सपोर्ट स्टाफ। भृत्य आदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में पदस्थ है और अपना-अपना कार्य बड़ी ईमानदारी से कर रहे हैं ऐसे में इनका वेतन समय पर ना मिलना एक बड़ा सवाल है इसमें शासन प्रशासन का दायित्व है कि प्रत्येक आउटसोर्स कर्मचारी का समय पर भुगतान किया जाए ताकि वह अपना जीवन यापन सही तरीके से कर सके । आउटसोर्स कर्मचारीयो का कहना है कि सेट मैप कंपनी और कटनी कंप्यूटर के द्वारा कर्मचारियों का पेमेंट किया जाता है लेकिन जब से सेट में कंपनी को ठेका मिला है तब से हम लोगों को कभी भी समय पर वेतन नहीं दिया जाता । इस संबंध में जब प्रभारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय विश्वकर्मा से बात की तो उन्होंने बताया की मेरे द्वारा प्रति माह आउटसोर्स कर्मचारी की उपस्थिति अटेंडेंस भेज दी जाती है आउटसोर्स कर्मचारीयो ने वेतन ना मिलने के संबंध में जो मुझे आवेदन दिया है उसे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को फॉरवर्ड करूंगा और पता लगाएंगे कि इनका वेतन क्यों नहीं आ रहा है ।

## परिसीमन के संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दमोह जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं नगर पालिका के भाजपा पार्षद तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम आर.एल. बागरी को 10 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि परिसीमन का उद्देश्य शहर के समग्र विकास और नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना होता है, लेकिन नगर पालिका द्वारा किए गए वर्तमान परिसीमन में इन बातों का कोई ध्यान नहीं रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन प्रक्रिया में कई व्यावहारिक और जनहित से जुड़े पहलुओं की अनदेखी की गई है। ज्ञापन के माध्यम से भाजपा द्वारा परिसीमन में खामियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पुनर्विचार की मांग की गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि परिसीमन को इसी तरह लागू किया गया तो इससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, मनीष तिवारी, जिला मंत्री भरत यादव, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चाध्यक्ष प्रिंस जैन, पार्षद गणेश जाटव, विजय जैन, मनीष शर्मा, रघु श्रीवास्तव, हिना पारोचे, धीरज घारू, संजय पटेल, सोमिल हजारी, संतोष रोहित, रीतेश सोनी, हरि रजक, राजुल चौरहा, भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डेलनखेड़ा में हुई आप की सभा



**जबेरा।** साप्ताहिक हाट बाजार मंगलवार के दिन जबेरा के नजदीकी ग्राम डेलन खेड़ा में आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र तोमर के मार्गदर्शन में एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बसंत राय की नेतृत्व में ग्राम डेलनखेड़ा में सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूरी ग्राम पंचायत डेलन खेड़ा के सभी गरीब आदिवासी एवं दलित महिला पुरुषों ने भाग लिया उपस्थित सभी लोगों ने बताया कि हमारे पूर्वजों से लेकर के हम सभी का जीवन उपार्जन इस जंगल से ही चलता आ रहा है हमारे पूर्वज भी इसी जंगल से पलते रहे है। परंतु वर्तमान सरकार के द्वारा यहां पर चिन्ना अंकित करके नाप किया जा रहा है तथा बताया जा रहा है कि यहां पर जाली लगाई जाएगी एवं अनेक जंगली जानवर छोड जाएंगे तथा हम सभी को यह गांव छोड़कर जाना होगा अतः हम सभी यह मांग करते हैं कि हमें हमारी पुश्तैनी भूमि से बेदखल ना किया जावे। उपस्थित आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने सभा को आश्वासन दिया कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो किसी भी दलित आदिवासी को बेदखल नहीं किया जावेगा उक्त सभा में डमरू पटेल बहादुर लोधी सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## जलाशय फटने के साथ निकले मलबे से किसान का कुआं बर्बाद

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम पौंडी में वर्ष 2023 में पोंडी जलाशय फटने से किसान करन सिंह लोधी का कुंआ संपूर्ण क्षतिग्रस्त हो गया था जिसकी पूर्व में भी कई बार शिकायत की लेकिन अभी तक कोई मुआवजा राशि किसान को नहीं मिली। मंगलवार को जनसुनवाई में एसडीएम सौरभ गंधर्व को आवेदन देकर किसान करन सिंह ने बताया कि ग्राम पोडी में स्थित 250@1, खसरा नंबर 268 309 कुल रकवा 0.15 हैक्टेयर में स्थित कुंआ जो वर्ष 2023 में पोडी जलाशय के फटने के कारण उक्त भूमि में स्थित कुंआ पूर्णतः बांध के मलबे से पुर गया था। जो पूर्णतः नष्ट हो गया है जिससे सिंचाई कार्य स्थगित हो गई है सिंचाई का अन्य साधन भी नहीं है जिससे फसलों को सिंचने में असफल हूँ उक्त कुएँ की क्षतिपूर्ति हेतु सहायता राशि प्रदाय की जावें जिससे मैं कृषि कार्य कर अपना परिवार का भरण पोषण कर सकूँ।

## किसान दिवस पर किसानों का किया सम्मान




**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को किसान दिवस के अवसर पर एलएसआर सीड्स श्रीकर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लोगों ने किसानों को सम्मानित किया जहां किसानों को साल एवं श्रीफल देकर मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए वादा किया कि आपके साथ हमेशा की तरह कंधे से कंधा मिलाकर उन्नत बीज, उन्नत दवाई अन्य कृषि उत्पाद उपलब्ध कराकर उनके आने वाली कृषि संबंधित समस्याओं का समाधान कंपनी के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र में जाकर किसानों की समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य के लिए कामनाएं की यह कार्यक्रम एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो कि किसानों को अच्छी पैदावार और मुनाफा देनी वाले विभिन्न फसलों के लिए बीज प्रदान करती है और कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

## भूमि एवं आजीविका के मुद्दों पर हुई जिला समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



सोमवार को जन संगठन एकता परिषद की मांग पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में भूमि एवं आजीविका के मुददों के समाधान को लेकर जिला समवयं बैठक का आयोजन अपरान्ह 02 बजे से शाम 06 बजे तक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं बैठक आयोजन आदिम जाति कल्याण विभाग दमोह संयोजक अदिति शाण्डिल्य व्दारा किया गया।

बैठक में अनेक विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुखों के अलावा जिला दमोह के हटा, पटेरा, दमोह, बटियागढ़, तेन्दूखेडा, जबेरा ब्लॉक के एकता परिषद के 40 से अधिक मुखिया साथियों ने समस्याओं के आवेदनों, दावों, पावतियों के साथ भाग लिया। म. प्र.एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि कलेक्टर ने सभी ग्रामीण मुखियाओं को गंभीरता से सुना एवं हर जनजातीय वर्ग के मुददे पर विस्तार से विमर्श किया। श्री कोचर ने कहा कि जनजातीय अधिकार एवं इनके आजीविका से जुड़े मुददे पर हर माह समीक्षा बैठक रखी जाये। साथ ही जागरूक एवं संवेदनशील सामाजिक कार्यकर्ताओं की टास्क फोर्स समिति बनाई जाये। श्री कोचर ने जनजातीय विभाग को मौखिक रूप से आदेशित कर कहा कि बैठक मे सभी जबाबदार विभाग प्रमुखों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। बैठक मे वन अधिकार समिति सशक्त कर उन्हें प्रशिक्षण देने, वनाधिकार कानून के लम्बित सभी दावा निराकरण, त्रृटिपूर्ण वन पत्रों मे सुधार,वन विभाग व्दारा जारी बेदखली पर तत्काल रोक लगाने, सामुदायिक दावा लगाने, वन पत्र धावकों को शासकीय योजना के लाभ से जोड़ने आदि कार्यों के निदान हेतु जन संगठन एकता परिषद एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ के सहयोग से जिला मे सघन अभियान चलाने की सहमति बनी। साथ ही इन सभी मुददों को लेकर हर माह समीक्षा बैठक रखने की बात भी तय हुईं। आज की बैठक मे वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन की अब तक की स्थिति की प्रगति जनजातीय विभाग ने रखी। बैठक मे केन बेतवा लिंक परियोजना, नौरादेही अभ्यारण, पन्ना टाईगर रिजर्व एवं विभिन्न सेन्चुरी निर्माण से प्रभावितों के मुददों पर सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। सुजात खान ने कहा कि कुल मिलाकर आज की जिला समन्वयं बैठक सकारात्मक रही।

बैठक मे रजनी ठाकुर, अयोध्या, भूपेन्द्र, रक्कू गौड़, बलराम, घनश्याम प्रसाद, श्रीकांत पोर्ते,शिवलाल सिंह आदिवासी, लल्लू आदिवासी, सहित जिला के सभी ब्लॉक के जबाबदार मुखियाओं ने भाग लिया।

## रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन



**रनेह।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण समापन समारोह दिनांक 22 दिसंबर 2025 को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रनेह द्वारा सकारात्मक क्षणों में संपन्न हुआ 1 इस अवसर पर श्री राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय स्नातक महाविद्यालय की आदरणीय असिस्टेंट प्रोफेसर एवं NSS प्रभारी सुश्री डॉक्टर शिवानी राय की गरिमा में उपस्थित रही 1 आत्मरक्षा प्रशिक्षिका कुमारी नीलू बर्मन द्वारा भगत तीन माह तक छात्राओं के लिए आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए 1 श्रीमती राय द्वारा कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए आत्म अनुशासन, आत्मविश्वास एवं आत्मरक्षा का संदेश दिया गया 1 इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने वाली छात्रवृत्तियों की जानकारी का एक पोस्टर उपहार स्वरूप विद्यालय के लिए भेंट किया 1 चयनित विद्यार्थियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए 1 सभी छात्रों में उत्साह एवं प्रेरणा का भाव जागृत कर देने वाला यह कार्यक्रम संपन्न हुआ 1 कार्यक्रम उपरांत संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार राजोरिया द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायक संदेश दिया एवं अतिथियों के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया गया 1

# आदिवासियों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम अलोनी के लगभग एक दर्जन आदिवासियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर के उनके द्वारा कृषि कार्य किए जाने वाली वन भूमि जिस पर उक्त सभी आदिवासी लगभग 25 वर्षों से कृषि कार्य करते आ रहे हैं। राजस्वविभाग के द्वारा उन आदिवासियों से उक्त वन भूमि पर कागज होने के एवज मे कई बार जुर्माना वसूल कर लिया गया है। उसके बावजूद बीट गार्ड के द्वारा इस बार पटवारी हल्का नंबर 12 की वन भूमि के खसरा नंबर 11 एवं 174 के अंश भाग पर आदिवासी कृषि कार्य करती आ रहे हैं तथा अपनी फसल की सुरक्षा के लिए उक्त वन भूमि पर तार बाउंड्री करके फसल की सुरक्षा करते थे। आदिवासियों की उक्त तार फेंसिंग को जेसीबी के मशीन के द्वारा उखाड़कर के फेंक दिया गया है तथा इस वर्ष उन्हें गेहूं की फसल बोने नहीं दी जा रही है। इसी बात को लेकर के आदिवासियों के द्वारा आज दमोह पहुंचकर के कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि जब उक्त भूमि पर आदिवासियों को खेती नहीं करने दिया जाना था तो राजस्व विभाग के द्वारा क्यों उनसे जुर्माना वसूला गया जिसकी रसीदें सभी के पास में है। कुछ आदिवासियों ने तो यह भी बताया कि उनके पूर्वज भी इसी वन भूमि पर खेती करते आए हैं फिर ऐसा क्या हो गया कि अचानक से उन्हें बी दखल कर दिया गया। जबकि उक्त वन भूमि पर ही कुछ लोगों के द्वारा अवैध ईट भट्टे लगाए जा रहे हैं तथा अवैध रूप से जंगल की लकड़ी से ही ईंट भट्टों को पकाया जा रहा है परंतु ऐसे लोगों के ऊपर वन विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही न करना शासन की नियति पर प्रश्न चिन्ह लगता है अतः हम सभी आदिवासी माननीय महोदय से निवेदन करती हैं कि हम सभी के साथ भी न्याय करने की दया करें।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**झलौन।** मंगलवार को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत झलौन में की गई। 6 ग्राम पंचायतों की पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट , चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 , बच्चों के अधिकार, बच्चों और विकास के क्षेत्र सभी से विस्तार से चर्चा की गई और सभी को बताया कि किस तरह अपन बाल विवाह, बाल श्रम आदि को रुक सकते है और बच्चों का जीवन सुरक्षित हो सकता है जिसमें जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे सर, नीति आयोग से कुलदीप, मनोज सर, राजेंद्र सर, सरपंच श्रीमति अनिता जैन , सचिव इमरत सिंह, जीआरएस राकेश जैन , संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह से कार्यकर्ता सुजात खान, दर्शन नामदेव, प्रतिभा सिंह, रितु विश्वकर्मा और सभी ग्राम पंचायतों से पंचायत सरपंच, सचिव, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, स्कूल से बच्चें आदि उपस्थित रहे।

## साइबर जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण दिया



**दमोह ।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह स्थित साइबर सेल शाखा में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में बच्चों को साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। उल्लेखनीय है कि पी.एम. शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, मझगुवाँ हंसराज, जिला दमोह द्वारा ओरिएंटेशन भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को साइबर विजिट कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय को पत्र प्रेषित किया गया था। उक्त पत्र के अनुक्रम में साइबर सेल दमोह द्वारा विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर साइबर सेल दमोह से निरीक्षक नेहा गोस्वामी, प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या, आरक्षक मयंक दुबे, आरक्षक अभिषेक कोष्टी एवं आरक्षक मनोहर द्वारा बच्चों को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ओटीपी/लिंक फ्रॉड, फर्जी कॉल, डिजिटल गोपनीयता एवं साइबर सतर्कता से संबंधित आवश्यक साइबर टिप्स सरल एवं प्रभावी भाषा में समझाए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान समय में हो रहे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा।

## खबर संक्षेप

### 373 आवेदकों का चयन

**दमोह** । मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्य प्रदेश तथा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार आज युवा संगम रोज़गार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। युवा संगम में भाग लेने 1210 आकांक्षी युवाओं ने रोज़गार के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया, पंजीयन उपरांत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 522 आवेदकों ने उपस्थित होकर विभिन्न कंपनियों में साक्षात्कार दिया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया साक्षात्कार उपरांत 373 आवेदकों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया है। युवा संगम में लीड बैंक, जिला उद्योग विभाग, जिला अंत व्यवसायी, जनजातीय कार्य विभाग आदि विभागों ने भाग लेकर विभिन्नग स्वंरोज़गार योजनाओं का लाभ लेने हेतु मार्गदर्शन दिया एवं स्वबयं का रोज़गार स्थापित करने हेतु प्रेरित किया।

### हटा न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर, 13 यूनिट रक्त संग्रहित

**दमोह।** एडीजे हटा न्यायालय सुनील कौशिक के विशेष पहल पर एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति, हटा के तत्वाधान में आज हटा न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। रक्तदान शिविर में अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मौके पर एडीजे हटा सुनील कौशिक स्वयं रक्तदान कर उपस्थितजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। सीबीएमओ हटा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसे आवश्यकता अनुसार मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा।

### हटा के कांग्रेस नेता, ठेकेदार सहित एक युवक की दर्दनाक मौत, हटा में पसरा मातम

# ब्रेक फेल होने से पुल से नीचे गिरा डंपर







**हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा**

विगत सोमवार की रात्रि 8 बजे बटियागढ़ के समीप हटा तिराहा के आगे गेवलारी की पुलिया पर गिरे गिट्टी से भरे डंपर की घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जिसमें दमोह से जबलपुर रेफर हुए घायल हटा निवासी कांग्रेस नेता शहजाद हुसैन की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं चौथे युवक के दबे होने की आशंका के बीच मंगलवार सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया है। बताया जा रहा है कुल तीन लोग ही डंपर पर सवार थे। जिसमें तीनो युवकों की मौत हो गई। आपको बता दें सोमवार की रात गिट्टी से भरा डंपर बक्सवाहा से बटियागढ़ की ओर आ रहा था जहां गेवलारी की पुलिया के पास अचानक उसके ब्रेक फेल होने से वह 25 फीट पुलिया से नीचे गिर गया। हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक रनेह बंधा हटा निवासी हाल निवासी नितेंद्र उर्फ भल्ले यादव जो पेशे से ठेकेदार थे दूसरा व्यक्ति मगरौन निवासी धर्मेंद्र लोधी बताया जा रहा है। वही बटियागढ़ पुलिस द्वारा दोनों शव को बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया गया था सुबह शव पंचनामा कार्रवाई कर पीएम उपरांत शव परिजनों के सुपर्द किया गया। वहीं तीसरे घायल कांग्रेस नेता हटा के संजय वार्ड निवासी शहजाद हुसैन को इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान देर रात्रि में उनकी मौत हो गई। परिजन शव को हटा लें आए जहां मंगलवार सुबह हटा सिविल अस्पताल में शव पंचनामा कार्रवाई के उपरांत पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

घटनास्थल पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया था कि डंपर में चार लोग सवार थे रात में भी रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन अंधेरा होने पर उसे रोक दिया। सुबह बटियागढ़ पुलिस की मौजूदगी में फिर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन चौथे युवक का पता नही चला। यह भी बताया जा रहा है कि चौथा युवक बीच में कहीं डंपर से उतर गया और तीनों चश्मदीद की मौत हो गई। जिससे चौथे युवक की जानकारी भी किसी के पास नहीं है। बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला सुबह से ही रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मौजूद रही उन्होंने बताया गिट्टी से भरा डंपर पुलिया के नीचे गिर गया हादसे में 2 लोगो की मौत हो गई वही एक घायल शहजाद हुसैन की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

बताया जा रहा था डंपर में चार लोग सवार है जिसमे एक युवक की तलाश के लिए रात में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया सुबह से भी रेस्क्यू किया गया लेकिन कोई भी ऐसा व्यक्ति नही पाया गया है हादसे में कुल 3 लोगो की मौत हुई है। जिसमे नितेन्द्र उर्फ भल्ले यादव, धर्मेंद्र लोधी, शहजाद हुसैन शामिल हैं। सोमवार की रात्रि हुए इस दर्दनाक घटनाक्रम में नगर के दो युवकों की अचानक मौत की खबर से हटा में मातम छा गया। लोग सोशल मीडिया पर एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर रहे है।

# जंगली जानवर का शिकार करने वाला गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मडियादौ**

रजपुरा पुलिस द्वारा देशी बम रखकर जंगली जानवर का शिकार करने वाले एक शिकारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई । जानकारी के अनुसार गुमना बंजारा द्वारा पुलिस थाना रजपुरा में शिकायत दर्ज कराई गई थी। देशी बम खाने से उसकी गाय का जबड़ा फट गया ओर उसकी मौत हो गई। पीड़ित द्वारा पुलिस को कुछ संदेहियों के नाम भी बताए गए थे। पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई थी। जांच उपरांत पुलिस द्वारा संदेही अकाराम बारेला उम्र 62 वर्ष निवासी कनौरा से पूछताछ की गई जिसमें उसने जंगली जानवरों के शिकार के लिए वन क्षेत्रों में देशी बम रखने की बात स्वीकार की। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। हालांकि इस बात का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई कि वह विस्फोटक पदार्थ कहा से खरीदता था और उसके साथ इस कृत्य में अन्य कितने साथी शामिल थे । बता दे रजपुरा क्षेत्र अंतर्गत हरदूटोरा, सादपुर में पिछले एक महीने में देशी ( सूअर बम) खाने से गौवंश के घायल होने ओर उनकी दर्दनाक मौत की खबरें सामने आ रही थी। गौवंश के देशी बम से घायल होने को लेकर हिंदू संगठनों के सदस्यों द्वारा भी पुलिस को ज्ञापन भी सौंपा गया था। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी सरदार सिंह, एएसआई इंद्राज सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अनिल गौतम, रामकुमार अहिरवार, पवन तिवारी,प्रतीक चौहान , रोहित प्रजापति सहित अन्य की भूमिका रही।

# उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद 15 साल बाद मिला न्याय

**दमोह।** अपने वयस्क बेटे की दुर्घटना में हुई मौत मामले में एक पिता को आखिर कार न्याय मिल ही गया। जहां देर है, अंधेर नही कहावत चरितार्थ हो गई।
दरअसल मामला 2010 का है जब लोकों निवासी नारायण सोनी का पुत्र विक्की सोनी जो कि पी जी कॉलेज दमोह में पढ़ाई कर रहा था, अपने दोस्त के साथ मोटर साइकिल से वापिस अपने घर लोकों कॉलोनी जा रहा था कि पथरिया फाटक ओवर ब्रिज पर बोलेरो कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई थी। अधिवक्ता मुकेश पांडेय ने बताया कि कार की नंबर प्लेट अस्पष्ट होने से पुलिस करवाई मे कार का गलत नंबर लेख हो जाने से पूर्व में जिला न्यायालय ने आवेदक का प्रकरण प्रमाणित ना मानते हुए खारिज कर दिया था। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने आवेदक को दावा में संशोधन विकल्प के साथ प्रकरण पुनः जिला न्यायालय फिर से सुनवाई निर्देश सहित वापिस भेजा था। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश अमर गोयल ने प्रस्तुत सबूतों का सूक्ष्मता से जांच और अधिवक्ता मुकेश पाण्डेय के तर्कों से सहमत होकर आवेदक का मामला प्रमाणित मानते हुए न्यायालय द्वारा वाहन चालक वाहन स्वामी और बीमा कंपनी के खिलाफ़ प्रतिकार दावा स्वीकृत किया है, अधिवक्ता मुकेश पांडेय ने बताया कि आरोपी कार चालक को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल के कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया है।

# दोनी के प्राचीन हनुमान मंदिर से मुकुट, छत्र सहित दान की राशि चोरी

## तेंदूखेड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जॉच, अज्ञात चोरों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत किया मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा**





प्राचीन हनुमान मठ ग्राम दोनी के हनुमान मंदिर में सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा मुकुट, छत्र एवं दान पेटी के रखे रूपए चोरी करके ले गए। राज पिता हरवंश यादव ने पुलिस थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं पुलिस ने धारा-331(4),305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। राज यादव ने बताया कि दौनी सरकार हनुमान मंदिर में पूजा पाठ करता हूँ। प्रतिदिन की तरह सोमवार रात्रि करीब 09.30 बजे आरती व भजन संध्या कर मंदिर के पट बंद करके अपने घर चला गया था मंदिर परिसर में अरुण तिवारी (संत) रुके थे जो मंगलवार के सुबह करीब 5 बजे आकर मंदिर के पट खोले तो देखा कि हनुमान जी के उपर लगा चांदी का छत्र नहीं दिखा फिर मैंने आसपास और भी चांदी का सामान देखा तो एक चांदी का मुकुट भी नहीं दिखा एवं मंदिर में रखी दान पेटी भी नहीं दिखी फिर मैंने घटना की जानकारी अरुण तिवारी (संत) एवं अपने पिता हरवंश यादव एवं गांव के सुरेन्द्र यादव व सुखचेन ठाकुर को दी जो सभी के आने पर दान पेटी की तलाश आसपास परिसर में की जो मंदिर से करीब 100 मीटर की दूरी पर खुली अवस्था में मिली एवं उसमें दान राशि के रुपये नहीं थे दान पेटी के पैसों से मंदिर के किराना के सामान का भुगतान करता रहता था जो कल भी दान पेटी की राशि से मंदिर के किराना के सामान का भुगतान किया था जो दान पेटी में दान राशि करीब 5000 रुपए बचे होगे जो कोई अज्ञात व्यक्ति रात्रि में एक चांदी का छत्र वजनी करीब 600 ग्राम कीमती करीब 60 हजार रुपये, एक चांदी का मुकुट वजनी करीब 250 ग्राम कीमती करीब 25 हजार रुपये कुल कीमती करीब 85000 रुपये एवं दान पेटी में रखे कुछ नगदी करीब 5000 रुपये कुल 90000 रुपये की चोरी कर ले गया है फिर मैंने मंदिर में चोरी की सूचना पुलिस को दी थी और पुलिस मौके पर आई फिर मैं अपने पिता हरवंश यादव के साथ थाना में रिपोर्ट दर्ज की।



# बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कर रहे मजदूर

**नरसिंहगढ़।** सीता नगर सिंचाई परियोजना जल जीवन मिशन के तहत टंकी निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें मजदूरों के लिए कोई सुरक्षा के लिए सामग्री नहीं दी गई है ना ही हेलमेट है। बिना सेफ्टी बेल्ट के काम चल रहा है जबकि कई बार इस कंपनी के अधिकारियों को इस संबंध में समाचार के माध्यम से सचेत किया हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कड़ी कार्रवाई नहीं गई, नहीं ही कुछ सुधार हुआ। लगभग टंकी की ऊंचाई 30 से 40 फीट है। इतनी ऊंचाई पर मजदूर बिना सेफ्टी बेल्ट के चढ़कर कमा करते है। वहीं नीचे देखा जाए तो जो मजदूर काम कर रहे हो वह भी हेलमेट नहीं लगाए हुए हैं। मजदूरों ने बताया कि यह काम कोलकाता की कंपनी कर रही है । डब्ल्यू पीआई एल लिमिटेड कंपनी मजदूरों को कोई भी सुरक्षा सामग्री नहीं दी। अगर कोई बड़ी घटना हो जाए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। इस संबंध में जल जीवन मिशन जिलाधिकारी मनोज राज से बात की तो उन्होंने कहा एक बार पहले भी समझा दी गई थी। अगर अभी भी लापरवाही हो रही है तो दिखवाते है।

# सर्पदंश से मासूम की दर्दनाक मौत

**बनवार ।** जिले के हिण्डोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर चौकी के जुझार गांव से एक बेहद हृदयविदारक मामला सामने आया है। गांव निवासी दौलत सेन की 9 वर्षीय पुत्री वैशाली सेन को घर के पास खेलते समय जहरीले सर्प ने काट लिया। परिजनों ने शुरुआत में इसे साधारण कांटा लगना समझा, लेकिन कुछ समय बाद जिस स्थान पर सर्प ने काटा था, वहां गलने जैसे लक्षण दिखाई देने लगे, जिससे परिजन घबरा गए। बच्ची की हालत बिगड़ती देख परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से बच्ची को जबलपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मासूम वैशाली ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जिला अस्पताल में पंचनामा कार्रवाई करवाई। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद जुझार गांव में गमगीन माहौल के बीच मासूम का अंतिम संस्कार किया गया। बच्ची की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों ने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि सर्पदंश जैसी घटनाओं में समय पर सही पहचान और त्वरित उपचार बेहद जरूरी है।

# विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता देखने पहुंचे कलेक्टर



**दमोह।** विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता स्टेडियम की बाउंड्री वॉल पर आयोजित की गई जिसमें सुधीर कुमार कोचर कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था, उनमुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था द्वारा आयोजित की जा रही है। जो शहर के विभिन्न स्थानों पर लगभग 10 विद्यालय व 3 कॉलेज के छात्र- छात्राएं खाली पड़ी शासकीय दीवारों पर पेंटिंग कर रही है शास.हिरदेपुर विद्यालय व सरदार वल्लभ भाई पटेल विद्यालय के छात्र छात्राएं जल रक्षण,पर्यावरण,नारी शक्ति,भारत के सैन्य शस्त्रों के चित्र,नशामुक्त भारत व स्वच्छता को लेकर पेंटिंग के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे है। हम उन्मुक्त समाजसेवी संस्था की बहुत बहुत प्रशंसा करते हैं। जन अभियान परिषद के जिला संयोजक सुशील कुमार नामदेव ने बताया कि जल स्वच्छता प्लास्टिक मुक्त भारत अलग-अलग स्कूलों के छात्र अपनी थीम को लेकर चित्र बना रहे है। निश्चित ही उन्मुक्त समा सेवी संस्था की ये पहल प्रभावी व प्रेरणा दाई है में उनको बहुत बहुत साधुवाद देता हूं, इसी अवसर पर प्रमोद गांगरा संयोजक विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता ने बताया कि चित्रकला के माध्यम से स्कूली बच्चों को उनमें जो कौशल है। पेंटिंग का अपने कौशल को प्रदर्शन का एक प्लेटफार्म दिया गया है व देश की संस्कृति,देश के जवानों ने जो देश को समर्पित किया है। उसको लोग देखे और प्रेरणा ले की हम अपने देश को क्या दे सकते हैं जिसमें यशवन्त कुमार कोरी वी.ओ, संस्था से राहुल पाठक, दिलीप चौरसिया जिला कार्यालय मंत्री भारतीय जनता पार्टी,पं.दीपक मिश्रा भा.जा.पा.युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष, जितेंद्र राजपूत, देवेंद्र चौबे, डॉ अहीरवाल मेनका सोनी, हरीश राय, भानु प्रताप बहादुर सिंह सहित सैकड़ो विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# सड़क मार्ग की बदहाली से ग्रामीण परेशान



**नरसिंहगढ़।** सीता नगर से कुटरी, भटिया, हटा जाने वाला मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग न केवल सीता नगर वासियों के लिए हटा का सबसे नजदीकी रास्ता है, बल्कि नरसिंहगढ़–पथरिया की ओर आने-जाने वालों के लिए भी सीधा संपर्क मार्ग माना जाता है। बावजूद इसके, मार्ग की बदहाली के चलते लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी कोपरा नदी के उस पार रहने वाले ग्रामीणों को हो रही है, जो वर्षों से अपने खेतों में मकान बनाकर रह रहे हैं। इन परिवारों के बच्चे शिक्षा के लिए सीता नगर आते हैं, क्योंकि आसपास कोई विद्यालय उपलब्ध नहीं है। बरसात के दिनों में नदी उफान पर होने से बच्चों का स्कूल पहुंचना बेहद जोखिम भरा हो जाता है। कई बार अभिभावकों को बच्चों को कंधे पर बैठाकर नदी पार करानी पड़ती है। स्थानीय किसानों की सीता नगर क्षेत्र में कृषि भूमि भी स्थित है, जिससे उन्हें आवागमन में लगातार दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कोपरा नदी पर बने स्टॉप डैम के बाद समस्याएं और बढ़ गई हैं। बरसात में स्टॉप डैम के दोनों ओर पानी भरने से मार्ग का एक हिस्सा लगभग 20 से 30 फीट लंबा और करीब 10 फीट गहरा गड्ढे में तब्दील हो जाता है, जिससे रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। किसानों ने अपनी निजी राशि खर्च कर मिट्टी डलवाने का प्रयास भी किया, लेकिन यह अस्थायी समाधान साबित हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि यदि एक-दो ट्रक मुरम डाल दी जाए तो राहत मिल सकती है, लेकिन वास्तव में रास्ता चालू करने के लिए सैकड़ों ट्रक मुरम की आवश्यकता है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों और विधायकों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। समय पर समाधान न होने से छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने एक बार फिर स्थानीय विधायक और संबंधित मंत्रियों से मांग की है कि सीता नगर–कोठरी भाटिया हटा मार्ग को जल्द से जल्द पक्का बनाया जाए। फिलहाल जब से स्टॉप डेम बना है तब है लगभग बीते करीब 8 से 10 वर्षों से लोग कुछ ज्यादा ही परेशान है क्योंकि एक साइड पानी का कटाव ज्यादा हो जाता जिससे खाई बन जाती है। सैकड़ों की संख्या में बच्चे पड़ने आते है और परेशान होते है इस सबके बाबजूद कोई भी जिले का जनप्रतिनिधि नहीं सुन रहा है।

# शराबियों से परेशान गांव की महिलाएं पहुंचीं कलेक्ट्रेट



**जबेरा/बनवार। जबेरा जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लरगवा के ग्राम पट्टी नंदलाल में कच्ची शराब के अवैध कारोबार से हालात बदतर हो गए हैं। गांव की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी पीड़ा सुनाई और गांव में चल रहे अवैध शराब के धंधे को तत्काल बंद कराने की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि गांव में करीब दस लोग खुलेआम कच्ची शराब बनाकर बेच रहे हैं, जिससे पूरा गांव शराबखोरी का अड्डा बन गया है।**

महिलाओं ने अधिकारियों को बताया कि शराब के नशे में धुत लोग आए दिन महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं, बच्चों को परेशान करते हैं और गांव में लगातार झगड़े होते रहते हैं। हालात यह हैं कि आसपास के गांवों से भी लोग यहां शराब पीने पहुंचते हैं, जिससे गांव का माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है। महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायतें कीं, लेकिन पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे शराब माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के समक्ष फरियाद रखते हुए महिलाओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही गांव में कच्ची शराब का कारोबार बंद नहीं कराया गया तो वे चुप नहीं बैठेंगी। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण अवैध शराब बेचने वाले बेखौफ होकर कारोबार कर रहे हैं और गांव की शांति भंग हो रही है।

इस दौरान महिलाओं के साथ भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गांव में अवैध शराब पर तत्काल रोक नहीं लगी तो संगठन गांव की महिलाओं को साथ लेकर बड़ा जनआंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

महिलाओं की व्यथा सुनने के बाद अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेने और जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हालांकि, पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उन्हें अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए, ताकि गांव में फिर से शांति और सुरक्षित माहौल लौट सके।

# बांदकपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 57 लीटर अवैध शराब जब्त

**हिण्डोरिया।** हिण्डोरिया थाना पुलिस ने 57 लीटर देशी मसाला शराब के साथ एक हीरो मेस्ट्रो स्कूटी और मोबाइल फोन जब्त कर कुल 82 हजार 400 रुपये का मसरूका जप्त किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चौकी प्रभारी बांदकपुर सउनि राजेन्द्र मिश्रा ने पुलिस स्टाफ के साथ मुखबिर से मिली सूचना की तस्दीक करते हुए निर्माणाधीन अडानी सायलो केन्द्र आनू के सामने आम रोड पर घेराबंदी की। इसी दौरान बिना नंबर की हीरो मेस्ट्रो स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गए। पुलिस द्वारा रोकने पर स्कूटी के पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जबकि स्कूटी चालक को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी सच्चू उर्फ चन्द्रभान रैकवार निवासी दामादी मोहल्ला बांदकपुर की तलाशी लेने पर स्कूटी के फुटरेस्ट में रखी सफेद बोरी से चार पेटी देशी मसाला शराब, एक प्लास्टिक के थैले में दो पेटी देशी मसाला शराब तथा स्कूटी की डिग्गी से 14 पाव देशी मसाला शराब बरामद की गई। इस तरह कुल 314 पाव अर्थात 57 लीटर अवैध शराब, जिसकी कीमत 31 हजार 400 रुपये बताई गई है, पुलिस ने जप्त की। साथ ही एक हीरो मेस्ट्रो स्कूटी जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये और जियो कंपनी का मोबाइल फोन जिसकी कीमत एक हजार रुपये आंकी गई है, भी जप्त किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह शराब दमोह की शासकीय शराब दुकान के मैनेजर से कम दामों पर खरीदी गई थी। फरार आरोपी रामदयाल राय निवासी दामादी मोहल्ला बांदकपुर द्वारा 18 हजार रुपये में शराब खरीदकर लाने की बात सामने आई है। पुलिस ने फरार आरोपी रामदयाल राय को 23 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पूरे मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी हिण्डोरिया निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी बांदकपुर सउनि राजेन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक प्रकाश यादव, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र सिंह राजपूत, आरक्षक राजकुमार सिंह, आरक्षक अजय शर्मा सहित समस्त पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।